# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)


**सख्या:.** के.मा.शि.बो./प्रशिक्षण एकक/2024 **दिनांक:** 11.03.2024

**परिपत्र संख्या** : TRG-13/2024

**के.मा.शि.बो. से सम्बद्ध सभी विद्यालयों/संस्थानों के प्रधानाचार्य/प्रमुख.**

**विषय : 'कला एकीकृत अधिगम'** को प्रशिक्षण थीम (2024-25) के रूप में घोषित करने संबंधी.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कला एकीकृत अधिगम को एक परिवर्तनकारी शिक्षा पद्धति के रूप में मानते हुए नवीन शिक्षण विधियों के महत्व पर बल देती है. शिक्षण में कला एकीकरण रचनात्मकता का पोषण करता है एवं विद्यार्थियों को स्वतंत्र अभिव्यक्ति, लीक से हटकर सोचने तथा नवाचार के लिए प्रोत्साहित करता है. कला एकीकृत शिक्षण अधिगम द्वारा विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायता मिलती है तथा उनकी भावनात्मक, सामाजिक एवं संज्ञानात्मक समस्याओं का समाधान होता है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्णित विद्यार्थियों के समग्र विकास के दृष्टिगत, बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रशिक्षण थीम के रूप में **'कला एकीकृत अधिगम'** को अपनाने की घोषणा करता है.

शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के अंतर्गत कला एकीकृत अधिगम पर आधारित निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे:

1. **स्तर विशिष्ट ऑनलाइन सत्र:** के.मा.शि.बो. उत्कृष्टता केन्द्रों (CoEs) द्वारा मूलभूत, प्रारंभिक, मध्य एवं माध्यमिक चरणों के स्तर पर कला एकीकृत अधिगम संबंधी विशिष्ट ऑनलाइन सत्र आयोजित किए जाएंगे.
2. **विद्यालय स्तर की कार्यशालाएँ:** विद्यालय द्वारा शिक्षकों को विभिन्न कला एकीकृत विधियों एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित की जा सकती हैं. इन सत्रों के संचालन हेतु विशेषज्ञ शिक्षकों एवं कलाकारों को आमंत्रित किया जा सकता है.
3. **विद्यार्थी स्तरीय कार्यशालाएँ:** विद्यालय द्वारा कला एकीकृत विधियों पर विद्यार्थियों के लिए कला के विभिन्न रूपों, जैसे दृश्य/श्रव्य कला, संगीत, नाटक एवं नृत्य आदि कला-आधारित कार्यशालाएँ और गतिविधियाँ आयोजित की जा सकती हैं.
4. **सामुदायिक सहभागिता:** अभिभावकों एवं स्थानीय समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहन देने के लिए विद्यालयों द्वारा कलात्मक प्रतिभाओं के प्रदर्शन हेतु प्रदर्शनियों एवं इंटरैक्टिव सत्रों का आयोजन किया जा सकता है.
5. **राष्ट्रीय कांफ्रेंस:** 'कला एकीकृत अधिगम' थीम पर के.मा.शि.बो. प्रशिक्षण एकक द्वारा एक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन अक्टूबर/नवंबर 2024 में मदुरई, (तमिलनाडु) में होना निर्धारित हुआ है. इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस की विस्तृत जानकारी के.मा.शि.बो. की आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएगी.
6. **सर्वोत्तम प्रथाएँ (Best Practices):** प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को कला एकीकृत अधिगम पर अपने क्रियाकलापों का रिकॉर्ड रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिन्हें विद्यालयों द्वारा संबंधित उत्कृष्टता केंद्र (CoE) के साथ साझा किया जा सकता है एवं राष्ट्रीय कांफ्रेंस में भी प्रस्तुत किया जा सकता है.
7. **दिव्यांग विद्यार्थियों का समावेशन:** विद्यालय की कला एकीकृत अधिगम संबंधी गतिविधियों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है.

के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि वे अपने विद्यालयों के सभी शिक्षकों को कला एकीकृत अधिगम पर ऑनलाइन/प्रत्यक्ष प्रशिक्षण सत्रों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें. प्रशिक्षित कला शिक्षक सम्पूर्ण सत्र (01.04.2024 से 31.03.2025 तक) में विषय संबंधी गतिविधियों का संचालन करें एवं के.मा.शि.बो. के संबंधित उत्कृष्टता केन्द्रों (CoEs) के साथ अपनी उपलब्धियों और अनुभवों को साझा करें.

**(डॉ. राम शंकर)**
निदेशक (प्रशिक्षण)

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**No:. CBSE/Training Unit/2024** **Date:** 11.03.2024
**Circular No. TRG-** 13/2024

**All the Principals/Heads of Schools/Institutions affiliated to CBSE.**

**Subject: 'Learning through Art Integration'** as a Training Theme of session 2024-25- reg.

The National Education Policy 2020 emphasizes the importance of innovative teaching methods, with a specific mention of Art Integration as a transformative pedagogy. Art Integration nurtures creativity, encouraging students to explore innovative ideas, express themselves, and think outside the box. Incorporating arts into education supports the holistic development of students, addressing their emotional, social, and cognitive needs. In view of NEP 2020 focuses on holistic development of the students, the Board announces **'Learning through Art Integration'** as a training theme of academic session 2024-25.

Following programmes shall be conducted during the academic session 2024-2025 on Learning through Art Integration:

1. **Stage specific online sessions:** Stage specific online sessions on integration of Arts shall be conducted by the CBSE Centre of Excellence (CoEs); foundational stage, preparatory stage, Middle Stage and Secondary Stage.
2. **School Level Workshops:** Schools may organize workshops for teachers to familiarize them with various art integration techniques and methodologies. Invite expert educators and artists to conduct these sessions.
3. **Student Workshops:** Schools may conduct art-based workshops and activities for students, encouraging them to explore different forms of art, such as visual arts, music, drama, and dance.
4. **Community Engagement:** Schools may extend the initiative to involve parents and the local community. Schools may organize exhibitions, performances, or interactive sessions showcasing students' artistic talents.
5. **National Conference:** A National Conference on **'Learning through Art Integration'** shall be organized in October/November 2024, at Madurai, (Tamil Nadu). Detailed information of this National Conference shall be notified at CBSE website separately.
6. **Best Practices:** Principals and Teachers are encouraged to maintain records of their practices on **Learning through Art Integration**. The best practices of schools on **Learning through Art Integration** may be shared with respective CoEs and also presented in proposed National Conference.
7. **Inclusion of Students with Disabilities:** Schools are advised to ensure full participation of Children with Special Needs in all the activities related to Learning through Art Integration.

All the principals of CBSE affiliated schools are requested to inform the teachers and encourage them to participate in online/offline trainings on **Learning through Art Integration**. The trained Art Teacher should conduct activities throughout the year (01.04.2024 to 31.03.2025) and also share their achievements and experiences with the respective CoEs of the Board.

**(Dr. Ram Shankar)**
Director (Training)

Copy to the respective Heads of Directorates, Organizations and Institutions as indicated below with a request to disseminate the information to all the schools under their jurisdiction:

1. The Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, 18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, Delhi – 110016.
2. The Commissioner, Navodaya Vidyalaya Samiti, B-15, Sector-62, Institutional Area, Noida – 201309.
3. The Director of Education, Directorate of Education, Govt. of NCT of Delhi, Old Secretariat, Delhi -110054.
4. The Secretary, Eklavya Model Residential Schools (EMRS), Ministry of Tribal Affairs, Government of India.
5. The Director of Public Instructions (Schools), Union Territory Secretariat, Sector 9, Chandigarh -160017.
6. The Director of Education, Govt. of Sikkim, Gangtok, Sikkim – 737101.
7. The Director of School Education, Govt. of Arunachal Pradesh, Itanagar – 791111.
8. The Director of Education, Govt. of Andaman & Nicobar Islands, Port Blair – 744101.
9. Director, School Education, Ladakh, Council Secretariat Kurbathang, Kargil, Ladakh.
10. The Director, Central Tibetan School Administration, ESSESS Plaza, Community Centre, Sector 3, Rohini.
11. The Secretary, Sainik Schools Society, Room No.101, D-1 Wing, Sena Bhawan, New Delhi-110001.
12. The Additional Director General of Army Education, A – Wing, Sena Bhawan, DHQ, PO, New Delhi -110001.
13. The Secretary AWES, Integrated Headquarters of MoD (Army), FDRC Building No. 202, ShankarVihar (Near APS), Delhi Cantt – 110010.
14. The Chairperson, Odisha Adarsha Vidyalaya Sangathan, N-1/9, Near Doordarshan Kendra, PO Sainik SchoolNayapalli, Bhubaneswar, Odisha-751005.
15. Director, School Education, Vijayawada, Andhra Pradesh.
16. The Deputy Secretary to Chairperson, CBSE - for kind information of the Chairperson, CBSE.
17. All the Heads of Department of the Board.
18. Director, (Media & Public Relations), CBSE with a request for proper publicity.
19. All the Regional Directors/Regional Officers/Head-COEs, ACCPD- Rae Bareli, CBSE with the request to send this circular to all the Heads of the affiliated schools of the Board in their respective regions for compliance.

'शिक्षा केंद्र' ,2 सामुदायिक केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली–110092
*'Shiksha Kendra'*, 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi – 110092

फ़ोन/Telephone: 011- 22043634 वेबसाइट/Website : https://cbseit.in/cbse/2022/ET/frmListing ई-मेल/e-mail: drtrgcbse@gmail.com.
CBSE Training Unit www.youtube.com/@cbseTraining0729 CBSE TV Channel www.youtube.com/@CBSE_TV_Channel